निर्देश नहीं दिए हैं । तथापि,न्यायालय ने दिनांक 13.11.1998 के अपने आदेश में आशा व्यक्त की है कि समिति जिती तेजी से संभव हो,इस कार्य को पूरा करने की स्थिति में होगी,और समिति को निदेश दिया है कि वह दिनांक 28.2.99 तक न्यायालय में मोहरबंद लिफाफे में प्रगति-रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

Education of Low Income Family Children in Himachal Pradesh

2261. SHRI ANIL SHARMA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that children hailing from low income families in Himachal Pradesh do not complete school education;

(b) if so, whether any survey has been done on this issue;

(c) what are the general finding of the survey; and

(d) in what manner Government propose to ensure that such children complete their schooling?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) to (c) As per survey of 6—11 age group children conducted by the Himachal Pradesh Government, 20509 children were not going to school. As per the National Family Health Surevy 1992-93, 90.8% of the defacto household population of age 6 to 14 years were attending school in Himachal Pradesh. As per the 50th Round of National Sample Survey (1993-94), per thousand distribution of Children in the 5 to 14 age group, 86% children in the rural areas and 92.5% children in urban areas were currently attending schools.

(d) Himachal Pradesh has been taken up under the District Primary Education Programme and funds under the scheme of Operation Blackboard are also made available as per guidelines for improving educational facilities.

प्रौढ़ों में व्याप्त निरक्षता

2262. **श्री बरजिन्दर सिंह**:

श्री कपिल सिब्बल:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में प्रौढ़ों में व्याप्त निरक्षरता को समाप्त करने के लिए कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां,तो क्या देश में प्रौढ़ों में व्याप्त निरक्षरता को पूर्णत: समाप्त करने हेतु समय-सीमा के संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ग) यदि हां,तो इस संबंध में निर्धारित लक्ष्य क्या हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि सरकार द्वारा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वार्षिक निधि भी आंवटित कर दी गई हैं;और

(ग) यदि हां,तो वर्ष 1995-96,1996-97 और 1997-98 के दौरान वर्ष-वार आबंटित निधि तथा वर्ष 1998-99 की प्रथम छमाही में जारी निधि कितनी हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्री (डा.मुरली मनोहर जोशी): (क) से (ग) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना की गई है । इसका उद्देश्य 15-35 वर्ष की आयु वर्ग में 100 मिलियन निरक्षर व्यक्तियों को समयबद्व ढंग से कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना हैं । साक्षरता अभियान इसकी प्रमुख कार्यनीति है । इस समय प्रौढ़ों में पूर्ण रूप से निरक्षरता उन्मूलन की समय-सीमा के बारे में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है ।

(घ) से (ड़) 1995-96,1996-97 तथा 1997-98 के दौरान प्रौढ़,शिक्षा कार्यक्रमों के लिए वर्षवार क्रमश:234.00 करोड़ रू.,224.50 करोड़ रू. तथा 127.00 करोड़ रू. की निधियां आवंटित की गई । 30 सितम्बर,1998 तक इन कार्यक्रमों के लिए 18.14 करोड़ रू. की निधियां आवंटित की गई है ।

पूर्ण साक्षरता के लिए योजनाएं

2263. **श्री जर्नादन यादव**: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा पूर्ण साक्षरता लाने के लिए कौन-कौन सी योजनाएं तैयार की जा रही है;/कौन-कौन से उपाए किये जा रहे हैं;

(ख) क्या शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन से इस संबंध में कोई सहायता मिली हैं;